स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत
हिंदी विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान

वर्धा, 10 नवंबर 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार से स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, विकास एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे तथा जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे की उपस्थिति में यह अभियान विश्वविद्यालय के नज़ीर हाट परिसर से शुरू किया गया। इस अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवक बड़ी संख्या में शामिल हुए। विदित हो कि भारत सरकार के विभिन्न् विभाग 01 नवंबर से 15 नवंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। इसी के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में 15 नवंबर तक स्वच्छता अभियान जारी रहेगा।















